भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2319
उत्तर देने की तारीख 03.08.2026

संग्रहालयों को अनुदान

2319. श्री शफी परम्बिल :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश भर में संग्रहालयों की स्थापना, आधुनिकीकरण, संरक्षण और रखरखाव के लिए आवंटित, जारी और उपयोग किए गए सहायता अनुदान का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले केरल के संग्रहालयों का संग्रहालय-वार ब्यौरा क्या है और कितनी राशि स्वीकृत और जारी की गई है;

(ग) क्या सरकार के पास केरल में संग्रहालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का कोई प्रस्ताव लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) संग्रहालयों को अनुदान स्वीकृत करने के लिए सरकार द्वारा क्या मानदंड अपनाए गए हैं; और

(ङ.) सरकार द्वारा विशेषकर केरल जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक महत्व वाले राज्यों में, भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने वाले केंद्रों के रूप में संग्रहालयों को मजबूत करने के लिए किए गए/किए जाने वाले उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में नए संग्रहालयों की स्थापना/मौजूदा संग्रहालयों के विकास/संग्रहालय संग्रह के डिजिटलीकरण के लिए स्वीकृत, जारी और उपयोग किए गए सहायता अनुदान का विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ग): केरल राज्य में प्राप्त प्रस्तावों के विवरण सहित उनकी वर्तमान स्थिति **अनुलग्नक-II** पर दी गई है।

(घ): सहायता अनुदान संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत प्रस्तुत प्रस्ताव की श्रेणी के आधार पर दिया जाता है। श्रेणी/घटक के अनुसार सहायता अनुदान का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:

संग्रहालय अनुदान स्कीम के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार घटक-वार वित्तपोषण का पैटर्न इस प्रकार है:

घटक (क):

उद्देश्य	वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि **(करोड़ रुपए में)**
श्रेणी I	15
श्रेणी II	
नए संग्रहालयों की स्थापना	10
मौजूदा संग्रहालयों का विकास	8
श्रेणी **III**	
नए संग्रहालयों की स्थापना	5
मौजूदा संग्रहालयों का विकास	4

घटक (ख)

वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि **(लाख रुपए में)**	
श्रेणी I: पीएसयू के संग्रहालयों सहित सरकार के स्वामित्व वाले राज्य/राजधानी स्तर के संग्रहालय	50.00
श्रेणी II: अन्य सभी संग्रहालय	25.00

घटक (ग)

वित्तीय सहायता की अधिकतम राशि **(लाख रुपए में)**	
श्रेणी I: केंद्र और राज्य सरकार के अधीन सभी संग्रहालय	50.00
श्रेणी II: अन्य सभी संग्रहालय	25.00

(ड.): संस्कृति मंत्रालय संग्रहालय अनुदान स्कीम संचालित करता है जिसके तहत केरल सहित देश भर में क्षेत्रीय, राज्य और जिला स्तर पर केंद्रीय/राज्य सरकारों, सोसायटियों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों और सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत न्यासों द्वारा प्रबंधित संग्रहालयों में नए संग्रहालयों की स्थापना/मौजूदा संग्रहालयों के विकास/संग्रहालय संग्रहों के डिजिटलीकरण/आभासी संग्रहालयों की स्थापना और संग्रहालय पेशेवरों के प्रशिक्षण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर अपने स्थल संग्रहालयों के परिरक्षण, स्तरोन्नयन और आधुनिकीकरण का कार्य करता है। इन उपायों में दीर्घाओं का आधुनिकीकरण, संग्रहालय की अवसंरचना में सुधार, संग्रहों का डिजिटलीकरण, व्याख्या करने और आगंतुकों की सहभागिता के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाना, पुरावशेषों का निवारक संरक्षण और आगंतुक सुविधाओं को बढ़ाना शामिल है। आगंतुकों के लिए आवागमन को सुगम बनाने के लिए मट्टनचेरी पैलेस संग्रहालय, कोच्चि, एर्नाकुलम जिला, केरल में एक बैटरी चालित स्टेयर-लिफ्ट भी लगाई गई है।

अनुलग्नक-I

'संग्रहालयों को अनुदान' के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतांराकित प्रश्न संख्या 2319 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत पांच वित्तीय वर्षों में संग्रहालय अनुदान स्कीम के अंतर्गत संस्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार विवरण

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	राज्य	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	उपयोग की गई निधि
1.	आंध्र प्रदेश	आंध्र प्रदेश सरकार, पद्मश्री कल्लूरी सुब्बाराव स्मारक जिला पुरातत्व संग्रहालय अनंतपुर	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	572.00	-	-	286.00	-		572.00
2.		आंध्र प्रदेश विज्ञान नगर, आंध्र प्रदेश सरकार, कैलासगिरी (दोवारी कोंडा), विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	375.20	-	58.467	-	-	129.13	150.395
3.		पुरातत्व और संग्रहालय, आंध्र प्रदेश सरकार, राल्लाबंडी सुब्बा राव पुरातत्व पूर्वी गोदावरी जिला, आंध्र प्रदेश	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	-	140.043	-	-	59.956	200.00
4.		आंध्र साहित्य परिषद राजकीय संग्रहालय के विकास के लिए पुरातत्व और संग्रहालय विभाग, काकीनाडा टाउन, आंध्र प्रदेश	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	800.00	-	-	-	-	400.00	-
5.	अरुणाचल प्रदेश	सांस्कृतिक मामलों का विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार, जिला संग्रहालय, जीरो, अरुणाचल प्रदेश	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	720.00	-	-	-	21.698	338.301	360.00
6.	गोवा	म्यूजियम ऑफ क्रिश्चियन आर्ट, गोवा, एनेक्स कान्वेंट ऑफ सांता मोनिका, ओल्ड गोवा	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	-	-	-	-		300.00

क्र. सं.	राज्य	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	उपयोग की गई निधि
7.	गुजरात	राजकोट राज्य फाउंडेशन, रंजीत विलास पैलेस, पैलेस रोड, राजकोट, गुजरात	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	500.00	-	125.00	125.00	-		500.00
8.	हिमाचल प्रदेश	भाषा और संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार, बेंटनी कैसल, शिमला, हिमाचल प्रदेश	राज्य सरकार	संग्रहालय का विकास	667.752	-	-	-	-	333.876	338.76
9.	हरियाणा	एनएसजी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एनडब्ल्यूवाईए), मानेसर, गुड़गांव	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	125.688	27.734	-	-	-		90.578
10.	कर्नाटक	शिवप्पा नायक संग्रहालय एवं अनुसंधान ब्यूरो, श्री बेक्किनाकलमठ, शिवमोग्गा, कर्नाटक	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	300.00	-	75.00	-	-		225.00
11.	**केरल**	**गैलेक्सी, करुणासाई रोड, वेल्लांड, पी.ओ. त्रिवेन्द्रम, तिरुवनंतपुरम**	**एनजीओ**	**नए संग्रहालय की स्थापना**	**200.00**	**50.00**	**-**	**-**	**-**		**200.00**
12.	लेह लद्दाख	डेसकिड सांस्कृतिक एवं कल्याण सोसाइटी, डेसकिड गोनपा, लद्दाख	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	435.04	-	108.76	-	-	87.01	413.29
13.	मध्य प्रदेश	गुजरी महल संग्रहालय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश (मध्य प्रदेश सरकार)	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	156.00	78.00	-	-	-		156.00
14.		स्थानीय पुरातत्व संग्रहालय, सिरोंज, विदिशा, मध्य प्रदेश विरासत विकास न्यास, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, बाणगंगा रोड, भोपाल	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	152.80	-	22.90	-	-	53.48	122.24
15.		हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश	विश्वविद्यालय	मौजूदा संग्रहालय का विकास	500.00	-	-	-	250.00	-	66.00

क्र. सं.	राज्य	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	उपयोग की गई निधि
16.		मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, जहागीरबाद, भोपाल; मध्य प्रदेश, मोती महल परिसर, ग्वालियर के दक्षिणी विंग में संगीत संग्रहालय की स्थापना के लिए	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	1000.00	-	-	-	-	500.00	2.26
17.		मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, जहागीरबाद, भोपाल; सिटी संग्रहालय, मोती महल, भोपाल, मध्य प्रदेश के आधुनिकीकरण/विकास के लिए	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	1500.00	-	-	-	-	750.00	750.00
18.		मध्य प्रदेश, भोपाल के राज्य संग्रहालय विकास के लिए पुरातत्व, अभिलेखागार और संग्रहालय निदेशालय (डीएएएम), मध्य प्रदेश सरकार, भोपाल	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	393.21	-	-	-	-	98.30	294.90
19.	महाराष्ट्र	फंड्स एंड प्रोपर्टीज ऑफ द पारसी पंचायत बॉम्बे, फ्रामजी दादाभाई अल्पीवाला संग्रहालय, डॉ. दादाभाई नौरोजी रोड, फोर्ट, मुम्बई	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	35.52	-	64.48	100.00	-	400.00
20.		एशियाई सांस्कृतिक संग्रहालय, पुणे के विकास हेतु सिम्बायोसिस सोसाइटी	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	35.615	-	17.807	8.90	8.90	-	35.615
21.	मणिपुर	राज्य पुरातत्व, मणिपुर सरकार, इंफाल, मणिपुर को कांगला किले, इंफाल, मणिपुर में तीन दीर्घाएं स्थापित करने हेतु	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	435.51	-	-	108.87	-	-	326.632
22.		खोंगजोम युद्ध स्मारक न्यास, खोंगजोम बाजार, खोंगजोम पुलिस थाने के सामने, जिला थूबल,	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	500.00	-	-	125.00	-	-	375.00

क्र. सं.	राज्य	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	उपयोग की गई निधि
		मणिपुर									
23.		एनालोन क्रिश्चियन डेवलपमेंट कमेटी (एसीडीसी), चंदेल, मणिपुर		नए संग्रहालय की स्थापना	449.166	-	-	224.58	-	112.291	336.87
24.	मिजोरम	जिला संग्रहालय, लुंगलेई, निदेशक कला एवं संस्कृति विभाग, चानमारी, आइजोल	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	827.217	206.80	-	206.807	-		827.217
25.		जनजातीय संग्रहालय, कमलनगर, जिला लौंगतलाई, चकमा स्वायत्त जिला परिषद, कमलनगर, मिजोरम	स्वायत्त निकाय	नए संग्रहालय की स्थापना	450.00	-	-	-	-	225.00	106.11
26.		सियाहा में एक क्षेत्रीय संग्रहालय बनाने के लिए कला और संस्कृति विभाग, मिजोरम सरकार	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	901.305	-	-	-	-	450.652	450.652
27.		कला और संस्कृति निदेशालय, कोहिमा, नागालैंड को तुएसांग टाउन नागालैंड में चेसोर संग्रहालय स्थापित करने के लिए	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	937.265	-	-	-	-	222.604	923.03
28.	नागालैंड	नागा पारंपरिक संग्रहालय, खेल, ग्राम कोहिमा, कोहिमा	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	100.00	-	-	-	-	-	100.00
29.	ओडिशा	जे. डी. सेंटर ऑफ आर्ट, वीआईपी कॉलोनी, नयापल्ली, भुवनेश्वर	एनजीओ	नए संग्रहालय की स्थापना	621.60	-	-	35.352	57.887	-	497.28
30.	पंजाब	पंजाब राज्य नागर विमानन परिषद, पटियाला सिविल एयरोड्रम, संगरूर रोड, पटियाला, पंजाब	सरकारी संगठन	नए संग्रहालय की स्थापना	500.00	250.00	-	-	-	-	-
31.	राजस्थान	वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति, उदयपुर, राजस्थान	एनजीओ	नए संग्रहालय	500.00	112.50	-	-	-	-	476.28

क्र. सं.	राज्य	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	उपयोग की गई निधि
				की स्थापना							
32.		श्री गिरधर स्मारक धर्मार्थ न्यास ट्रस्ट (श्री गिरधर स्मारक ट्रस्ट) किंग्स पैलेस, जैसलमेर किला पैलेस संग्रहालय, जैसलमेर फोर्ट, राजस्थान		नए संग्रहालय की स्थापना	500.00	-	-	-	-	-	250.00
33.		महाराजा सवाई मान सिंह II संग्रहालय, सिटी पैलेस, जयपुर राजस्थान		मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	-	-	1.00	-	199.00	199.94
34.	तमिलनाडु	मद्रास उच्च न्यायालय, जॉर्ज टाउन, चेन्नई	उच्च न्यायालय	मौजूदा संग्रहालय का विकास	76.00	19.00	-	-	-	-	76.00
35.		राजकीय संग्रहालय, थिरुगोकर्णम, पुदुकोट्टई, तमिलनाडु	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	320.00	-	-	-	-	80.00	240.00
36.		राजकीय संग्रहालय सैंट मार्क रोड, समथनपुरम पलायमकोट्टई, जिला तिरुनेलवेली		मौजूदा संग्रहालय का विकास	181.144	-	-	-	-	45.286	135.858
37.		राजकीय संग्रहालय त्रिची, रानी मनगम्मल पैलेस, जिला तिरुचिरापल्ली		मौजूदा संग्रहालय का विकास	299.94	-	-	-	-	74.985	224.95
38.		राजकीय संग्रहालय ऊटी, स्टोन हाउस, जिला उदगमंडलम		मौजूदा संग्रहालय का विकास	92.00	-	-	-	-	23.00	69.00
39.	तेलंगाना	सालार जंग संग्रहालय, हैदराबाद, तेलंगाना	संस्कृति मंत्रालय का स्वायत्त निकाय	आभासी अनुभवजन्य संग्रहालय	33.00	-	-	33.00	-	-	18.466
40.	त्रिपुरा	महाराजा बीरेंद्र किशोर	राज्य	मौजूदा	1000.00	500.00	-	-	-	-	-

क्र. सं.	राज्य	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	उपयोग की गई निधि
		माणिक्य संग्रहालय और कुंजाबन महल परिसर, त्रिपुरा पर्यटन विकास निगम, अगरतला	सरकार	संग्रहालय का विकास							
41.	उत्तर प्रदेश	शाहजहांपुर स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय, छावनी बोर्ड कार्यालय, करियप्पा, शाहजहांपुर	सरकारी संगठन	नए संग्रहालय की स्थापना	400.144	100.036	-	-	-	-	399.688
42.		इलाहाबाद उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश	उच्च न्यायालय	मौजूदा संग्रहालय का विकास	20.976	-	-	10.488	-	5.243	15.731
43.		भारत साक्षरता बोर्ड, साक्षरता सदन, कानपुर पुर रोड, लखनऊ	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	500.00	250.00	-	-	-	125.00	374.93
44.		वीआरआई ब्रज संस्कृति संग्रहालय, वृन्दावन शोध संस्थान, रमण रेती मार्ग, वृन्दावन, मथुरा, उत्तर प्रदेश	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	340.304	-	-	-	170.52	152.774	323.294
45.		सीर गोवर्धनपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश में संत रविदास संग्रहालय बनाने के लिए संग्रहालय निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार	राज्य सरकार	नए संग्रहालय की स्थापना	1000.00	-	-	-	-	500.00	500.00
46.		अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय और कला दीर्घा, अयोध्या यूपी में डिजिटल रामायण दीर्घा (डिजिटल इंटरवेंशन) के विकास के लिए पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ उत्तर प्रदेश	राज्य सरकार	मौजूदा संग्रहालय का विकास	800.00	-	-	-	-	360.00	760.00
47.	उत्तराखंड	वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून, उत्तराखंड	संस्थान	मौजूदा संग्रहालय का विकास	323.20	39.665	-	-	-	-	271.459

क्र. सं.	राज्य	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संग्रहालय का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष: 2021-22	वित्तीय वर्ष: 2022-23	वित्तीय वर्ष: 2023-24	वित्तीय वर्ष: 2024-25	वित्तीय वर्ष: 2025-26	उपयोग की गई निधि
48.	पश्चिम बंगाल	सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) महानिदेशालय (पूर्वी कमान), कोलकाता	सरकारी	नए संग्रहालय की स्थापना	648.71	324.35	-	154.839	-	7.335	479.189
49.	दिल्ली	इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस, ईस्ट ऑफ कैलाश (इस्कॉन), नई दिल्ली	एनजीओ	मौजूदा संग्रहालय का विकास	400.00	-	200.00	-	-	180.00	380.00

विगत पांच वित्तीय वर्षों के दौरान संग्रहालय अनुदान स्कीम- संग्रहालय संग्रह के डिजिटलीकरण के अंतर्गत जारी की गई निधियों का वर्ष-वार विवरण

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	राज्य	संगठन का नाम	संगठन का प्रकार	संस्वीकृत राशि	वित्तीय वर्ष 2021-22	वित्तीय वर्ष 2022 -23	वित्तीय वर्ष 2023-24	वित्तीय वर्ष 2024-25	वित्तीय वर्ष 2025-26	उपयोग की गई निधि
1.	कर्नाटक	बसवा समिति, बसव भवन, श्री बसवेश्वर रोड, बेंगलुरु-560001	एनजीओ	25.00	-	12.50	-	-	12.50	25.00

अनुलग्नक-II

'संग्रहालयों को अनुदान' के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे गए लोक सभा अतांराकित प्रश्न संख्या 2319 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

केरल राज्य में प्राप्त प्रस्तावों के विवरण सहित उनकी वर्तमान स्थिति:

क्र. सं.	राज्य	विभाग/संगठन का नाम	संग्रहालय का प्रकार	टिप्पणी/स्थिति
1.	केरल	गांधी सेवा सदन कथकली और शास्त्रीय कला अकादमी, गांधी सेवा सदन पी.ओ., पेरूर, पाथरीपला, पलक्कड़	गांधी सेवा सदन कथकली और शास्त्रीय कला अकादमी में नए संग्रहालय की स्थापना	मंत्रालय में प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। प्रस्ताव से संबंधित कुछ कमियाँ पाई गई थीं, जिन्हें सुधार के लिए 30.4.2024 को संगठन के पास भेजा गया था, लेकिन कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है।
2.		पुरातत्व विभाग, केरल सरकार	मौजूदा संग्रहालय 'कृष्णपुरम पैलेस संग्रहालय', कायमकुलम का विकास	मंत्रालय में प्रस्ताव प्राप्त हो गया है।
3.		केरल विधानमंडल सचिवालय, विकास भवन, त्रिवेंद्रम, केरल	नए संग्रहालय 'केरल नियमसभा संग्रहालय' (केरल विधानमंडल संग्रहालय) की स्थापना	मंत्रालय में प्रस्ताव प्राप्त हो गया है।
4.		विजन वर्कला इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, पूजा, मारथोमा चर्च के पीछे, चेरुकुन्नम, पी.ओ., वर्कला	वर्कला, त्रिवेंद्रम में मंच कला के लिए नए राष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना	मंत्रालय में प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। प्रस्ताव से संबंधित कुछ कमियाँ पाई गई थीं, जिन्हें 11.07.2024 को संगठन के पास भेजा गया था, लेकिन कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है।
5.		द आर्ट आउटरीच सोसाइटी, (टीएओएस) कोच्चि, केरल	के. बी. जैकब रोड, फोर्ट कोच्चि, केरल में नए संग्रहालय की स्थापना	मंत्रालय में प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। प्रस्ताव से संबंधित कुछ कमियाँ पाई गई थीं, जिन्हें 15.12.2025 को संगठन के पास भेजा गया था, लेकिन कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है।
6.		अरनमुला हेरिटेज ट्रस्ट, अरनमुला पी.ओ., पतनमतिट्टा	नए संग्रहालय की स्थापना	मंत्रालय में प्रस्ताव प्राप्त हो गया है।
7.		द बेटर आर्ट फाउंडेशन, फोटोम्यूज, मट्टथुर पी.ओ., मुन्नुमरी, वाया कोडाकरा, त्रिशूर जिला	नए संग्रहालय 'फोटोम्यूज' (द फोटोग्राफी म्यूजियम) की स्थापना	इस परियोजना प्रस्ताव को संग्रहालय अनुदान योजना के तहत गठित विशेषज्ञ समिति की 30वीं बैठक में रखा गया था। हालांकि, बैठक में विशेषज्ञ समिति द्वारा इसे स्वीकार नहीं किया गया था।

*****